तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कुसमुण्डा खदान में अनियंत्रित होकर पलटा डंपर



खबर संक्षेप




राष्ट्रीय तीरंदाजी में गीतेश और युवराज ने जीता कांस्य पदक

कोरबा। राष्ट्रीय खेल मंच पर जिले के युवा तीरंदाजों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित 46वीं आर्चरी रिकर्व जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के टीम इवेंट में कोरबा तीरंदाजी अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों गीतेश यादव एवं युवराज यादव ने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर कोरबा लौटे दोनों खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया।

कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने से फेडरेशन को मिलेगी सुविधा

कोरबा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा उनके परिवारों के लिए बहुप्रतीक्षित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। गंभीर बीमारी अथवा आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में उपचार के लिए तत्काल बड़ी धनराशि की व्यवस्था करने की चिंता कम होगी। कर्मचारी हित में लिया गया यह निर्णय चिकित्सा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फेडरेशन जिला शाखा के जिला संयोजक डॉ तरुण सिंह राठौर एवं जिला शाखा के पदाधिकारी गण विपिन यादव, तरुण प्रकाश बैष्णव, रामकपूर कुर्रे, नित्यानंद यादव, पीपी एस राठौर, मानसिंह राठिया, के डी पात्रे, मिथलेश वर्मा, वेदराम कौशिक, दिनेश टेंगवार, कमलेश कुम्हार, नरेंद्र श्रीवास, विनोद यादव, अनिल रात्रे, विनोद सांडेय, अशोक कश्यप,अनिता राठौर,किरण गुप्ता,ज्योति सिंह,एवं फेडरेशन के सदस्यों ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

कुएं में गिरा किंग कोबरा, बास के सहारे निकाला गया बाहर



कोरबा। जिले के केरवा गांव में 27 दिसंबर की रात एक कुएं में किंग कोबरा गिरा हुआ दिखाई दिया जिस पर गांव वालों ने चिंता जाहिर की और बचाने के उद्देश्य से रेस्क्यू टीम को सूचना देना बेहतर समझा फिर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के रेस्क्यू टीम जितेंद्र सारथी को दिया। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी ने इसकी सूचना वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दिया। वन विभाग से सूचना प्राप्त होने के बाद तड़के सुबह नोवा नेचर की टीम किंग कोबरा को रेस्क्यू के लिए घटनास्थल पर पहुंची,हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही किंग कोबरा कुएं से स्वयं बाहर निकल चुका था, इसके बाद नोवा नेचर की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इसकी जानकारी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिया।

एक साल का मुफ्त प्रशिक्षण, फिर मिल रहा नौकरी का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के प्रोजेक्ट उड़ान की बड़ी उपलब्धि



एसईसीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल प्रोजेक्ट उड़ान ने 33 युवतियों के सपनों को नई दिशा दी है। इस परियोजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा स्थित अपैरल ट्रेनिंग एंड डिज़ाइन सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 33 युवतियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मार्गदर्शन एवं निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के नेतृत्व में संचालित यह पहल कौशल विकास के माध्यम से युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। चयनित युवतियों को शाही एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु तथा अरविंद फैशन (एम/एस वैल्यू फैशन रिटेल लिमिटेड), इंदौर में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इन युवतियों का चयन क्वालिटी कंट्रोलर, असिस्टेंट सुपरवाइजर, राइटर एवं स्मार्ट ऑपरेटर जैसे पदों के लिए हुआ है। प्रशिक्षण से रोजगार तक का यह सफर इन युवतियों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई शुरुआत है। उल्लेखनीय है कि ये युवतियां पिछले एक वर्ष से एसईसीएल के मद से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत परिधान एवं वस्त्र उद्योग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों तथा व्यावहारिक कार्य-कौशल का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। प्रशिक्षण के ⏭शेष पेज 3 पर

कोरबा, गेवरा, बिश्रामपुर और सोहागपुर में प्रशिक्षण जारी

एसईसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में कंपनी के सहयोग से कोरबा, गेवरा, बिश्रामपुर एवं सोहागपुर में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस पहल का दायरा और बढ़ाते हुए जल्द ही रायगढ़ में भी एक नया प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ करने की योजना है। इसके माध्यम से क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं, विशेषकर युवतियों को परिधान एवं वस्त्र उद्योग से जुड़े आधुनिक कौशल सीखने और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

धान की फसल पर संकट के बादल, जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर

चक्रवात का असर, सुबह से लगातार बारिश, जनजीवन प्रभावित



शहर में इस तरह हो रही थी बारिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों की तरह जिले में भी मौसम ने अचानक करवट ली है। बुधवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई रिमझिम बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला लगातार 5 घंटे तक जारी रहा, जिससे पूरे जिले में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त नजर आया।

लगातार हो रही बारिश और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम के इस बदले और तीखे तेवर के चलते लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके को मजबूर हुए। सड़के सूनी नजर आईं और जरूरी कामकाज के लिए निकले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बेमौसम बारिश ने अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल और वर्तमान में कटाई के चरण से गुजर रही फसल पर भारी खतरा मंडरा रहा है। लगातार पानी ⏭शेष पेज 3 पर

बांगो बांध के कैचमेंट क्षेत्र में बारिश, मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण



क्षेत्र में चक्रवात और तूफान के खतरे को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने हसदेव बांगो बांध को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। वर्तमान में बांगो बांध का जलस्तर 355 मीटर तक पहुँच गया है, जो कि इसकी कुल जल भराव क्षमता का 78.4 प्रतिशत है। कैचमेंट इलाकों में हो रही लगातार बारिश के कारण बांध में पानी की आवक जारी है, जिसको देखते हुए प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीम पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों और आला अधिकारी की टीम द्वारा नदी तटीय क्षेत्रों में 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है। बांगो बांध में बने हाइडल पावर प्लांट को पिछले 72 घंटे से लगातार संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लगभग 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है, ताकि जलस्तर को नियंत्रित रखा जा सके। वहीं दूसरी ओर बुधवार को मुख्य अभियंता मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना बिलासपुर एस. मिंज द्वारा बांगो डेम का निरीक्षण किया गया तथा चक्रवाती तूफान अर्नब के कारण संभावित भारी वर्षा एवं अन्य प्रतिकूल परिणाम से बचाव हेतु की गई आवश्यक तैयारीयों का जायजा लिया गया। उनके द्वारा इ्यूटी में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता एस के भारती एवं अन्य अभियंतागण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बारिश की आशंका से धान कटाई और खरीदी को लेकर किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चक्रवात अर्नब के संभावित प्रभाव से मौसम में बदलाव और बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। प्रदेश में धान कटाई का काम शुरू हो चुका है और किसान अपनी उपज को सुरक्षित रखने की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में बारिश होने पर खेतों में खड़ी और कटकर रखी धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

खास बात

- बारिश नहीं थमती है तो किसानों को होगा बड़ा नुकसान

किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती धान की कटाई, मिंजाई और उपज को सुरक्षित रखने की है। खेतों में कटी हुई धान की फसल भीगने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वहीं, नमी बढ़ने से धान को सुखाने और खरीदी केंद्रों तक पहुंचाने में भी परेशानी आ सकती है। एक ओर किसान फसल कटाई में जुटे हैं, तो दूसरी ओर 15 नवंबर से प्रस्तावित धान खरीदी को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे समय में मौसम का बिगड़ना किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है। यदि बारिश होती है, तो कटाई और मिंजाई का काम प्रभावित होने के साथ ही किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। किसानों को उम्मीद है कि मौसम जल्द सामान्य होगा, ताकि वे समय पर धान की कटाई और मिंजाई पूरी कर सकें तथा अपनी उपज को सुरक्षित तरीके से खरीदी केंद्रों तक पहुंचा सकें। फिलहाल किसानों की नजर मौसम के पूर्वानुमान पर टिकी हुई है।

चक्रवाती तूफान अर्नब की चेतावनी के मद्देनजर आज शैक्षणिक संस्थानों में रहेगा अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती तूफान अर्नब के संबंध में जारी चेतावनियों तथा जिले में संभावित वर्षा, तेज हवाओं और अन्य प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाया गया है।

खास बात

- कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जारी किया आदेश



कुणाल दुदावत।

कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुदावत ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त शक्तियों और संबंधित शासन निर्देशों के अनुरूप आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, जिला की सीमा में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में 29 अक्टूबर को विद्यार्थियों के लिए एहतियातन अवकाश घोषित किया गया है। जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। चक्रवाती तुफान के मद्देनजर शासन ने मंगलवार की देर शाम प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जिले की स्थिति के अनुसार निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र कर दिया था।

बरसते पानी के बीच वीपी एप सर्वे के विरोध में पटवारियों की निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खराब मौसम और बरसते पानी के बीच वीपी ऐप सर्वे के विरोध में पटवारियों ने घंटाघर ओपन थियेटर से काले कपड़ों में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचकर जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के सोलवें के दिन निकली इस रैली को संघ के प्रांताध्यक्ष ने भी संबोधित किया।

खास बातें

- धरने के सोलवें दिन प्रांताध्यक्ष ने किया संबोधित
- कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान जमकर की प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी



रैली में शामिल पटवारी संघ के पदाधिकारी व अन्य।

फसल के डिजिटल सर्वे के दौरान राज्य शासन के द्वारा लाए वीपी ऐप के माध्यम से खेतों में खड़ी फसल का सर्वे कराए जाने के तुगलकी फरमान का प्रदेश व्यापी हो रहे विरोध की कड़ी में जिला पटवारी संघ बीते 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहा है। धरने के सोलवें दिन बुधवार को जिला इकाई ने रैली का आह्वान कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया था। उस तारतम्य में जिले भर के सभी तहसीलों से पहुंचे पटवारी काले वस्त्र पहनकर धरनास्थल घंटाघर में एकत्रित हुए। धरने को पटवारी ⏭शेष पेज 3 पर

ये हैं मांगें

- 0 आरआई के रिक्त पदों पर पदोन्नति
- 0 अतिरिक्त प्रभार देने की व्यवस्था बंद हो
- 0 वेतन विसंगति दूर की जाए
- 0 ओवरटाइम काम कराना बंद हो
- 0 वीपी ऐप से सर्वे बंद हो

16 दिन से सभी तहसीलों में काम ठप

पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के कारण जिले की सभी 12 तहसीलों में होने वाले राजस्व काम एवं दस्तावेज तैयार करने वाले काम ठप पड़े हुए हैं। आम पक्षकार पटवारियों का चक्कर काट रहे हैं। सीमांकन, फौती बंटवारा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ही पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल अच्छा खासा प्रभाव पड़ा है। बुधवार को ज्ञापन सौंपने के बाद पटवारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल पर रहने का भी निर्णय लिया है।



खबर संक्षेप

हाथ टच होने पर युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। चिकन लेने के दौरान हाथ टच होने पर युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई निवासी शशि सूर्यवंशी पिता रामचरण सूर्यवंशी 27 अक्टूबर की रात 8.30 बजे अटल चौक रोहित के ठेले में चिकन लेने गया गया था। इसी दौरान उसका हाथ आशीष ठाकुर के हाथ से टच हो गया। इस पर आशीष ने उसके साथ प्लास्टिक की कुर्सी से जमकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके बाय हाथ में चोट आई है। पुलिस ने शशि की रिपोर्ट पर हमलावर आशीष ठाकुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बात क्यों नहीं करती कहकर युवक ने युवती को पीटा

बिलासपुर। बात क्यों नहीं करती कहकर सरेराह युवक ने युवती के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती निजी हास्पिटल में काम करती है। 28 अक्टूबर की सुबह 7 बजे ड्यूटी करने हास्पिटल जा रही थी। तोरवा मेन रोड दारू दुकान के पास रितेन सिंह उर्फ हनी आया और बात क्यों नहीं करती कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर हाथ मुक्का व पत्थर से जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन भी दे सकेंगे सुझाव कल तक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया में नागरिकों और विभिन्न संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई। देवकी नंदन दीक्षित सभागृह, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव रखे। इस संबंध में 30 अक्टूबर तक वेबसाइट और ई-मेल से भी अपना सुझाव दे सकते है।

सार्वजनिक खरीद पर विशेष संगोष्ठी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सतर्कता विभाग के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सार्वजनिक खरीद एवं परिवर्तन सतर्कता के परिप्रेक्ष्य में विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमें पारदर्शिता, ईमानदारी, जवाबदेही, भ्रष्टाचार निवारण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम नैतिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करती है। इस दौरान जोन एवं डिवीजन के अफसर मौजूद थे।

अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। फांसी लगाने तथा पेड़ से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरींपारा निवासी रोशन विश्वकर्मा आ. स्व. सुदर्शन विश्वकर्मा (34 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में लोहे के पाइप के सहारे साड़ी से फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को फांसी से उतार कर तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में ग्राम मरवाही निवासी संतोष बैगा आ. स्व. राम रतन बैगा (36 वर्ष) पिछले छह माह से बिजुरी अंतर्गत ग्राम थान निवासी जीजा के यहां रह रहा था। 25 अक्टूबर को जंगल में महुआ पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहा था। इसी दौरान अचानक पेड़ से गिर गया और पेड़ के समीप गड्ढे में चला गया। इधर परिवार के ही लड़की अपने पड़ोसी के साथ नदी किनारे शौच करने गई तो गड्ढे में शोर मचा रहे संतोष को गंभीर हालत में देखा। लड़कियों ने घटना की जानकारी जीजा को दी।





नो पार्किंग पर बेतरतीबी से खड़े किए जा रहे वाहन

बिलासपुर। कलेक्टोरेट के बगल में मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद भी सड़क किनारे नो पार्किंग में बेतरतीबी से चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। नेहरू चौक, सहकारी बैंक के पास भी बेतरतीबी से वाहन खड़े होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर एसपी आफिस के बाजू में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। उसके बाद भी पूर्व की भांति कलेक्टोरेट से लेकर शेफर्ड स्कूल चौक तक सड़क के दोनों ओर बेतरतीबी से नो पार्किंग पर चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। आलम यह है कि कई वाहन आधी सड़क पर खड़े रहते हैं, जिसके चलते पल पल में ट्रैफिकजाम होता है।

तीन सब स्टेशन के साथ नए ट्रांसफार्मर से बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित बिलासपुर रीजन के ग्रामीण एरिया में बार-बार बिजली बंद की परेशानी को देखते हुए क्षमता वृद्धि करने नए ट्रांसफार्मर लगाने और नए सब स्टेशन बनाने के लिए शासन ने राशि स्वीकृत कर दी है, जिसके पूरा होने के बाद बिजली की समस्या 80 फीसदी तक कम हो जाएगी।



शहर और ग्रामीण एरिया में करोड़ों खर्च करने के बाद बिजली विभाग ने केबल बिछाने, नए ट्रांसफार्मर, नए सब स्टेशन सहित बिजली की क्षमता बढ़ाने का काम किया है, जिसके बावजूद हवा, आंधी तूफान व बारिश से बिजली बंद की समस्या से लोगों कों घंटो जूझना पड़ता है। विशेषकर गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन में अतिरिक्त लोड बढ़ने से बार-बार बिजली बंद की परेशानी होती है। इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है। शहर के साथ अब विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बिलासपुर वृत्त ने ग्रामीण एरिया को दो हिस्सो बिलासपुर 1 और बिलासपुर दो में बांट दिया है, ताकि उपभोक्ताओं को अपनी परेशानी के लिए अफसरों व कर्मचारियों की खोजबीन न करनी पड़े। इसके साथ ही बिजली की क्षमता वृद्धि करने के लिए नए सब स्टेशन के अलावा पुराने सब स्टेशन में क्षमता वृद्धि बढ़ाने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए प्रपोजल मुख्यालय को भेजा गया था। इस प्रपोजल के बाद बुधवार को मुख्यालय की ओर से राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विभाग की ओर से भेजे गए प्रपोजल में बिलासपुर के मुंगेली क्षेत्र में 5 एमवीए बोडतराकला में 33 केवी लाइन और 11 केवी लाइन के लिए 265.14 लाख रुपए, बिलासपुर 1 में 5 एमवीए के तहत लिमतरा में 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन के लिए 201.39 लाख रुपए, बिलासपुर 2 में 5 एमवीए में खमतराई में 33 केवी और 11 केवी लाइन व पोल के लिए 293.60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। वहीं तीन नए सब स्टेशन बिलासपुर टू के तखतपुर में 3.15 एमवीए के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर 95.17 लाख रुपए, दैजा में 5 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने 115.12 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसके साथ ही तीन नए सब स्टेशन खमतराई, लिमतरा, लोरमी के बोडसराकला में बनाए जाएंगे।

सीमांकन में बाधा बनी बारिश, कुछ देर नापजोख कर वापस लौट आई राजस्व की टीम

महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक खसरा नंबर 1552 भूमि का सीमांकन शुरू



बिलासपुर। हाईकोर्ट के आदेशानुसार एक फिर महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक सड़के किनारे खसरा नंबर 1552 वाली जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा आज मिनोचा कालोनी भीतर तरफ से नापजोख शुरू की गई, किन्तु दोपहर बारिश होने लगी, जिसके कारण कुछ देर नापजोख के बाद राजस्व की टीम वापस लौट आई। अभी लगातार चार दिनों तक सीमांकन तहत नापजोख चलेगी।

महावीर नगर मिनोचा कालोनी से लेकर उसलापुर आरओबी सड़क तक ग्राम मंगला स्थित खसरा नंबर 1552 वाली जमीन को लेकर पहले भी काफी विवाद हो चुका है और कई बार जमीन की नापजोख हुई थी। इस बार हाईकोर्ट ने एक मामले में सीमांकन के आदेश दिए हैं, जिस पर राजस्व विभाग की टीम गठित कर सीमांकन कराया जा रहा है। खसरा नंबर 1552 रकबा 4.544 हेक्टेयर भूमि के दक्षिण में स्थित सभी भूमियों का सीमांकन किया जाना है। आज राजस्व विभाग की टीम मौके पर सभी दस्तावेज, रिकार्ड, नक्शा लेकर पहुंची और मिनोचा कालोनी के भीतर से अमेरी के सरहद तरफ से नापजोख करते हुए मुख्यमार्ग तरफ आई। राजस्व विभाग की टीम के पहुंचते ही मौके पर भूमि स्वामी भी पहुंचने लगे थे।

सीमांकन के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित

खसरा नंबर 1552 रकबा 4.544 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए नगर निगम आयुक्त ने बिलासपुर एसडीएम को पत्र लिखा था। इस पर राजस्व विभाग व नगर निगम की 10 सदस्यीय संयुक्त टीम सीमांकन के लिए गठित की गई है। इसमें नगर निगम के उप अभियंता हितेश मक्कड़, प्रभारी उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, राजस्व निरीक्षक सरकंडा परमेश्वर प्रसाद साहू, राजस्व निरीक्षक कोनी कुलदीप शर्मा, राजस्व निरीक्षक व्यपवर्तित विजय जोशी, सहायक राजस्व निरीक्षक नगर निगम केशव सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक नगर निगम धनीराम साहू, मंगला पटवारी विजय कोशले, कुदुदण्ड पटवारी सुरेश कुमार सिंह, धुमा पटवारी अमित दुबे शामिल हैं।

122 भूमि स्वामियों को नोटिस जारी

खसरा नंबर 1552 भूमि की नापजोख के लिए मिनोचा कालोनी निवासी श्रीमती नमिता ऋषि सहित उक्त खसरा नंबर वाली भूमि के समीप वाले 122 भूमि स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है और नियम समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने कहा गया है। इन सभी पक्षकारों को सूचित करते हुए सीमांकन कार्य प्रसांगिक राजस्व अभिलेखों मानचित्र, पंचनामा, फील्डबुक और अन्य संबंधित दस्तावेजों को ध्यान में रखते हुए विधि के अनुसार सीमांकन कार्यवाही में सड़क की मौजूदा दिशा, प्रस्तावित जांच पश्चात सीमांकन के लिए नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों का दल गठन किया गया है।

सड़क निर्माण के लिए हटाया गया था अतिक्रमण


खसरा नंबर 1552 वाली भूमि पर ही महावीर नगर से मिनोचा कालोनी के सामने से होते हुए उसलापुर आरओबी तक चौड़ी नई सड़क बनाई गई है। यह 900 मीटर लंबी और 75 फूट चौड़ी सड़क निर्माण के लिए भूमि से अतिक्रमण हटाने काफी विवाद हुआ था और नगर निगम द्वारा कई लोगों का अतिक्रमण तोड़ा गया था और बाऊंड्रीवाल, गार्डन हटाई गई थी। लेकिन इसके बाद भी कुछ जगहों पर अतिक्रमण छोड़ दिया गया, जिसके चलते यह सड़क टेढ़ी-मेढ़ी बनी है। यहां पर जिन लोगों को अतिक्रमण तोड़ा गया और जिन लोगों का अतिक्रमण पूरा नहीं तोड़ा गया है उसी को लेकर मुख्य विवाद है।

गांजा तस्करी करते पकड़ा गया जबलपुर का युवक

बिलासपुर। गांजा की तस्करी करते हुए जबलपुर के युवक को जीआरपी की टीम ने पकड़ा है, जिसके पास से साढ़े 7 लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है। बुधवार को बिलासपुर जीआरपी के प्रभारी विष्णु प्रसाद यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है, जिसके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची, जिन्हें देखकर युवक भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर युवक को पकड़कर पूछताछ में जबलपुर थाना गढ़ा निवासी संजय मेहरा उर्फ साहिल पिता रामसेवक मेहरा 37 साल के पास रखे बैग की तलाशी ली गई। तलाश के दौरान बैग में 15 किलो गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 7 लाख 50 हजार रुपए है। युवक ओडिशा से गांजा लाने के बाद जबलपुर की ओर लेकर जाने के लिए प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने आरोपी को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



बाइक सहित युवक नाले में गिरा, मौत





बिलासपुर। देर रात बाइक सहित युवक सड़क किनारे नाले में गिरा हुआ मिला है। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगलवार को देर रात गोकुलधाम निवासी मनीष कुमार सेंद्रे 30 साल बाइक क्रमांक सीजी 28 ई, 7066 सहित इंदिरा सेतु कुदूदण्ड मोड़ पर सड़क किनारे नाले में गिर मिला। लोगों ने उसे नाले में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर युवक को नाले से बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सिविल लाइन टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, युवक स्वयं बाइक सहित नाले में गिरा है या किसी वाहन ने टक्कर मारी है यह स्पष्ट नहीं हुआ है। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला जा रहा है। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

डाक्टर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। विवाद होते देख बीच बचाव करने गए डाक्टर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ओपी कुर्रे ने बताया, विवेकानंद नगर फेस 1 निवासी डा. चंद्रशेखर शुक्ला पिता सीएल शुक्ला 40 साल ने रिपोर्ट लिखाई। गणेश उत्सव के दौरान कालोनी के गणेश समिति के सदस्यों के बीच विवाद हो रहा था। विवाद होते देख वे बीच बचाव करने गए तो समिति के सागर सोनी के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर दी गई थी, जिससे वे तोरवा जेजे हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती हो गए थे। 28 सितंबर 2026 को उनके हाथ की सर्जरी हुई। उस दौरान वे बयान नहीं दे पा रहे थे। 2 अक्टूबर को उन्होंने मोपका सहायता केंद्र में घटना की शिकायत करते हुए अपना बयान दिया। सागर सोनी ने उनसे समझौता कर माफी मांगने का आश्वासन दिया। जिससे उन्होंने शिकायत वापस ले ली थी। 27 अक्टूबर को उनके साथ सागर सोनी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर सागर सोनी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दोष सिद्ध होने पर प्रधान पाठक को किया गया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गंभीर अपराध के मामले में कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद निलंबित किए गए प्रधान पाठक को कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने बर्खास्त कर दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय कार्य में लेट लतीफी और समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के मामले में बीईओ और बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दे कि विकासखंड उदयपुर के शासकीय प्राथमिक शाला पेण्डरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादवके विरुद्ध थाना मणीपुर में पंजीबद्ध अपराध में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर द्वारा पारित निर्णय के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 148, 323/149 (4 बार) तथा धारा 307/149 भादंवि के तहत घातक हथियार से जानलेवा हमला एवं हत्या का प्रयास के गंभीर व जघन्य अपराधों में दोषसिद्ध पाते हुए अधिकतम 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त निर्णय के परिपालन में विजय कुमार यादव 3 जनवरी से 9 अक्टूबर तक केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में सजा भुगतने हेतु निरूद्ध रहे हैं। जारी आदेश में बताया गया है कि विजय कुमार यादव का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरीत होकर अक्षम्य कदाचरण है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2) के द्वितीय परंतु (ए) तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 19 (i) के तहत यह स्पष्ट विधिक प्रावधान है कि दांडिक न्यायालय द्वारा आपराधिक आरोप में दोषसिद्ध शासकीय सेवक के विरुद्ध केवल उस आचरण के आधार पर जिस पर दोषसिद्धि हुई है, सीधे सेवा समाप्ति की शास्ति अधिरोपित की जा सकती है। अतः सक्षम अनुशासनात्मक प्राधिकारी होने के नाते डीईओ द्वारा छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (आठ) सपठित नियम 19(i) तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2) (a) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विकासखण्ड उदयपुर के शासकीय प्राथमिक शाला पेण्डरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादव को दोषसिद्ध आचरण एवं घोर नैतिक अधमता के आधार पर तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से पदच्युत/ बर्खास्त किया गया है।

■ जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

बाजार से चोरों ने पार की बाइक, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। लखनपुर बाजार में खरीदारी करने गए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कटिन्दा निवासी परमेश्वर राजवाड़े आ. सागर साय राजवाड़े 14 अक्टूबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 5257 से लखनपुर बाजार खरीदारी करने गया गया। ग्रामीण बाइक को लखनपुर तालाब के समीप खड़ा कर बाजार में सामान लेने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो गत दिन बाइक चोरी होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई।

मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन 12 को, दावा-आपत्ति 11 दिसंबर तक

बिलासपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिस पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत 8 मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन, एक का भवन परिवर्तन और 18 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव है। इसके अलावा 40 मतदान केंद्रों के अनुभाग परिवर्तन तथा 6 अनुभागों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया। सभी प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति प्राप्त की गई। बताया गया कि 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्गठन की प्रक्रिया 2 नवंबर तक पूरी की जाएगी। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को होगा।

डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार गिरा खाई में, गंभीर

लखनपुर। कुंवरपुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद युवक बाइक सहित लगभग 20-25 फीट नीचे खाई में जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार ग्राम जुड़वानी नवापारा निवासी अतुल पैकरा आ. नवरंग राम (23 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 2955 से लखनपुर की ओर से अपने घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कुंवरपुर मोड़ के समीप पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक बाइक समेत सड़क से नीचे खाई में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में भर्ती कराया।

शासकीय कार्यालयों में लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी

लाखों की लागत से बने पार्किंग शेड को छोड़कर जहां-तहां खड़ा कर रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

लाखों की लागत से बने पार्किंग शेड का उपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं लोग जहां तहां अपनी वाहन को खड़ी कर देते है। जिससे कामकाम कराने पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अफसरों को कोई सरोकार नहीं है।

ज्ञात हो कि एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं उप-पंजीयक कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित न्यायालयीन एवं अन्य शासकीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं। आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए परिसर के पीछे की ओर लाखों रुपये की लागत से टिन शेड का निर्माण कराया गया है, ताकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सके।लेकिन विडंबना यह है कि पार्किंग के लिए बनाए गए शेड का उद्देश्य ही जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। वाहन चालक शेड में वाहन खड़ा करने के बजाय परिसर के मुख्य मार्ग, कार्यालयों के सामने और आने-जाने वाले रास्तों पर ही दोपहिया व चारपहिया वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर रहे हैं। इससे कार्यालय पहुंचने वाले आम लोगों को पैदल चलने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति यह है कि कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी भी कई बार अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय इधर-उधर खड़े कर देते हैं। इससे न केवल परिसर में अव्यवस्था दिखाई देती है, बल्कि शासकीय कार्यालय परिसर की छवि भी प्रभावित हो रही है। एसडीएम और तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय पहुंचते हैं, बावजूद इसके व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को लेकर अब तक ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। लोगों का कहना है कि केवल कार्यालयीन फाइलों का निपटारा ही पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यालय आने वाले नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और परिसर की व्यवस्था पर भी अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा, विजेंद्र पाल शतरंज ने मांग की है कि पार्किंग शेड का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराया जाए तथा कोटवारों की ड्यूटी लगाकर मुख्य रास्तों पर वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई कर परिसर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



तहसीलदार आफिस के सामने बेतरतीब ढंग से रखे वाहन।

सार्वजनिक जगह पर तलवार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

आम जगह पर लोहे की धारदार तलवार लेकर राहगीरों को डरा-धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 28 अक्टूबर को थाना बिर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गतवा राधाकृष्णा चौक के पास तुकाराम साहू नाम का व्यक्ति अपने पास लोहे की तलवार लेकर रोड में आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलवार के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी अपने पास रखने, खरीदी-बिक्री करने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का यह कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाए जाने से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण के आरोपी तुकाराम साहू को बुधवार 28 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव सहित पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

खबर संक्षेप



सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर निबंध स्पर्धा आयोजित

कोरबा। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की ईमानदारी, सत्यनिष्ठा प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही जैसे मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत विविध आयोजनों के माध्यम से युवाओ को प्रेरित तथा प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं एन.टी.पी.सी. जमनीपाली की के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में 40 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन तथा पारदर्शिता संस्थाओं व देश की गरिमा बढाने के लिए आवश्यक है यह प्रत्येक स्तर पर प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है।

गीत व संगीत से कार्यक्रम में बांधा समां, बच्चों का किया गया सम्मान



कोरबा। बुधवारी बाजार स्थित गजानन साईं मंदिर में महाराष्ट्र मंडल, भगिनी मंडल, गणेश सेवा समाज के संयुक्त आयोजन में शरद पूर्णिमा पर कोजागिरी उत्सव हुआ। सुगम संगीत में सुनील पाठक, ज्ञानेश तिलवणकर, श्वेता ओत्तलवार, स्वाति रेगे ने हिंदी और मराठी गीत सुनाए। भाद्रपद पूर्णिमा से अश्विन पूर्णिमा कोजागिरी तक बालिकाओं के गाए भुलाबाई गीतों की प्रस्तुति जया जोशी ने दी। बच्चों ने मनोरंजन खेलों में भाग लिया। परिवार परिचय के दौरान संरक्षक और वरिष्ठ सदस्य सुधीर रेगे, स्वाती रेगे ने बच्चों को उनकी उपलब्धि पर सम्मान पत्र दिए। बड़ों को शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, रोजगार, व्यवसाय, कला, अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम के लिए सम्मान पत्र दिए गए।

निधन

डी शेखर क्रिस्टोफर



कोरबा। एसईसीएल कर्मी व क्रिकेट खिलाड़ी डी शेखर क्रिस्टोफर का (57 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका गुरुवार को शाम 4 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी और एक बेटा एक बेटी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

एसईसीएल दीपका प्रबंधन और भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बीच हुई सार्थक वार्ता

बैठक में भूविस्थापितों को मांगों पर त्वरित कार्रवाई का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के सभागार में महाप्रबंधक शरद तिवारी खनन परीयोजना अधिकारी नागेन्द्र साहू भू-राजस्व अधिकारी सुशील साहू एवं लैंड एंड रिहैबिलिटेशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप के नेतृत्व में भूविस्थापितों एवं प्रभावित ग्रामों के प्रतिनिधियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णयकारी बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में मुआवजा पुनर्वास रोजगार आजीविका और विस्थापित गांवों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख मांगों में सुवाभोड़ी के स्वीकृत 64 परिवारों के मकान व परिसंपत्तियों का भुगतान जीपीएस की बाध्यता के कारण अटका हुआ है समिति ने इस बाध्यता को तत्काल समाप्त कर पात्र परिवारों को शीघ्र भुगतान की मांग की। इसी तरह 10 लाख की निर्धारित बसाहट राशि के अतिरिक्त देय 5 लाख की प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान किया जाए, मकान



भूविस्थापितों की बैठक लेते एसईसीएल के अधिकारी।

ध्वस्तीकरण के समय बालिग हो चुके युवक-युवतियों को नियमानुसार पृथक बसाहट का लाभ मिले, पेड़-पौधे शौचालय बाउंड्रीवाल पटाव जैसी छूटी हुई परिसंपत्तियों का अविलंब मुआवजा दिया जाए, मृत व्यक्तियों के नाम स्वीकृत राशि का भुगतान उनके वैध वारिसों को पारदर्शी तरीके से किया जाए। 1986 में अर्जित भूमि के बदले कई परिवार अलग-अलग खातों को जोड़ने के कारण रोजगार से वंचित रह गए समिति ने मांग की कि तत्कालीन प्रावधानों के तहत इन मामलों का पुनर्मूल्यांकन कर पात्र भूविस्थापितों को तत्काल रोजगार दिया जाए, भूविस्थापितों को स्वरोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए निविदाओं की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाए तथा स्थानीय ठेकेदारों से विभागीय स्तर पर हो रहे भेदभाव को समाप्त कर समान अवसर दिए जाएं, विस्थापित गांवों में पक्की सड़क स्वच्छ पेयजल सुदृढ़ नाली स्ट्रीट लाइट और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएं साथ ही खनन से उत्पन्न पर्यावरणीय दुष्प्रभावों पर नियंत्रण के उपाय किए जाने की मांग शामिल है। बैठक में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी बसंत कुमार कंवर, विजय पाल सिंह तंवर, अनुसुईया राठौर, रविन्द्र जगत, दीपक कुमार यादव, ललित महिलांगे, ईश्वर आमरेक्सन रामप्यारी चैनपुर सरपंच विनोद टेकाम, राजेश जगत ग्रामीणों में चंदलाल, जगदीश परवेश, सुरेश, परदेशी समय, हीरा सिंह, मंगली बाई संजू, अमित कुमार, सनीज कुमार, मिलौतिन बाई, राय सिंह, दुर्गेश, सरिता धीवर, हरनारायण सहित ग्राम सुवाभोड़ी मलगांव झाबर सिरकी खुर्द बेलटिकरी एवं चैनपुर सहित अन्य अर्जित ग्रामों के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रबंधन का सकारात्मक रुख और आश्वासन

एसईसीएल दीपका के महाप्रबंधक शरद तिवारी ने समिति द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया उन्होंने कहा भूविस्थापित परिवार अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी आंदोलन का इंतजार न करें वे सीधे मुझसे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं प्रबंधन स्वयं पुनर्वास ग्रामों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लेगा और निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेगा।

महाशक्ति 37 गढ़ के रहस्य से बड़े पर्दे पर दिखेगी रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ी पौराणिक कथाओं, रहस्य, रोमांच और एक्शन को एक नए सिनेमाई अंदाज में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से फिल्म महाशक्ति 37 गढ़ के रहस्य चर्चा का विषय बन रही है। डार्क फैंटसी, एक्शन, माइथोलॉजी और एडवेंचर जैसी विधाओं पर आधारित इस फिल्म में दर्शकों को एक ऐसी काल्पनिक दुनिया देखने को मिलेगी, जहां दैवीय शक्तियों, प्राचीन रहस्यों और बुराई के विरुद्ध संघर्ष की रोमांचक कहानी सामने आएगी।

फिल्म के निर्माता गजेंद्र श्रीवास्तव हैं, जबकि फिल्म के निर्देशन और लेखन की जिम्मेदारी दीपेश यादव जी संभाल रहे हैं। फिल्म की कहानी को रहस्य, कल्पना, पौराणिक तत्वों और रोमांचक घटनाओं के साथ प्रस्तुत करने की योजना है। फिल्म में लक्षित झांझी और इशिका यादव प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी में नायक की यात्रा, असाधारण शक्तियों से जुड़ा रहस्य और बुराई के विरुद्ध संघर्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फिल्म की दुनिया में प्राचीन गढ़ों, रहस्यमयी घटनाओं और दैवीय शक्तियों का विशेष महत्व होगा। फिल्म की खलनायक टीम में क्रांति दीक्षित, नीरज गुप्ता, नीरज यूके और देवव्रत साहू शामिल हैं। कहानी में नकारात्मक किरदारों की भूमिका संघर्ष और रोमांच को आगे बढ़ाने में अहम होगी। डायरेक्शन टीम में चीफ एडी टीके साहू, एडी मोहित कश्यप, तितली पांडे, स्क्रिप्ट सुपरवाइजर नीलकंठ सरल, सिनेमेटोग्राफर मोहित देशपांडे, असिस्टेंट सिनेमेटोग्राफर अनुज शर्मा शामिल हैं। महाशक्ति 37 गढ़ के रहस्य का शीर्षक ही दर्शकों के मन में जिज्ञासा पैदा करता है। गढ़ों की रहस्यमयी दुनिया, प्राचीन शक्तियों और अच्छाई-बुराई के संघर्ष की कल्पना इस फिल्म को एक अलग पहचान देने की क्षमता रखती है।

दीपका में संघ का पथसंचलन


पथ संचलन करते आरएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दीपका नगर के तत्वावधान में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। नगर संघ चालक लल्लू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। बैंड-बाजे के साथ निकले पथ संचलन ने नगर में विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपका के सोमवारी बाजार स्थित सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवक एकत्रित हुए और सामूहिक प्रार्थना की गई। अनुशासन, एकता और संगठनात्मक भावना के साथ प्रार्थना संपन्न होने के बाद पथ संचलन प्रारंभ हुआ। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक कदमताल करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला प्रचारक उमेंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में समाज के सर्वांगीण विकास, सामाजिक एकता और समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

शासकीय बालक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सीएचसी का शैक्षणिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान उपस्थित छात्र छात्राएं व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा का औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल की कार्यप्रणाली तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न विभागों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विद्यार्थियों को मरीजों की जाँच, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वच्छता एवं संक्रमण से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन, समयबद्धता, मानवीय संवेदना एवं सेवा भावना के महत्व से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रति जागरूक बनाते हैं। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में करियर चयन के लिए भी उपयोगी जानकारी प्राप्त होती है। विद्यालय परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटघोरा के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रामसागरपारा से आरएसएस ने निकाला पथसंचलन

कोरबा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कोरबा नगर में विजयादशमी उत्सव पर रामसागरपारा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने के साथ पथ संचलन निकाला। इकाई स्तर के स्वयंसेवक इस संचलन में शामिल हुए। भारत माता और संघ की स्थापना से जुड़े सरसंघ चालक केशव बलिराम हेडगेवार व श्रीगुरूजी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मातृभूमि की प्रार्थना समवेत स्वर में की गई। अगली कड़ी में पथ संचलन घोष दल के साथ निकाला गया। रामसागरपारा, दलिया गोदाम, मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्र से होते हुए इसने निर्धारित समय में संचलन को पूर्ण किया। समापन से पहले गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखी। उन्होंने आरएसएस के 100 वर्ष के कालखंड के दौरान हुए कई प्रकार के उतार-चढ़ाव और अबकी स्थिति पर विचार रखने के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े अनुशासित संगठन के रूप में संघ की पहचान है।

सुजुकी टू व्हीलर डीलरशिप, नूर सुजुकी का शुभारंभ

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन में उर्दू अकादमी सदस्य रहे हाजी नूर मोहम्मद आरबी के पावर हाउस रोड कोरबा में स्थित नव प्रतिष्ठान सुजुकी टू व्हीलर डीलरशिप नूर सुजुकी का बुधवार को ऐतिहासिक शुभारंभ कँवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी विष्णुदेव साय व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला कंवर, विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के भ्राता एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष योगेश जैन, जिला पंचायत पूर्व सदस्य संदीप कंवर, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री नरेंद्र अग्रवाल, महिंद्रा ऑटो सेंटर संचालक पवन अग्रवाल, पांडेय रोड लाइन्स संचालक सोनू पाण्डेय, कैलाश रॉयल इंफील्ड के संचालक आलोक, नीरज रॉयल इंफील्ड के संचालक नीरज पाण्डेय, सतनामी समाज अध्यक्ष सुकृता कुर्रे मौजूद रहे। नूर सुजुकी के शुभारंभ होने से लम्बे वर्षों से आमजन की बहुप्रतिष्ठित मांग पूर्ण होने से कोरबा जिला ही नहीं वरन अन्य जिलों के आमजन को अपनी दुपहिया वाहन से



बिजनेस प्लस

संबंधित किसी भी कार्य जैसे- गाड़ी खरीदी-बिक्री, स्पेयर पार्ट्स, सर्विसिंग-रिपेयरिंग, बीमा नवीनीकरण व अन्य कार्य उचित दर में कराने के लिए सुविधा उपलब्ध हो जाने से आमजन को राहत मिलेगी। इस दौरान अर्जुन मुखर्जी, ओम गबेल, रामचंद्र पाटले, रविंद्र सोन, सरजू अजय, राजेश लहरे, देवेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, हाजी अमीन शेखानी, संचालक हाजी इरफ़ान नूर आरबी, मोह. न्याज नूर आरबी भाजपा छ.ग. प्रदेश प्रभारी, संचालक नूर होंडा बरपाली, किंग होंडा भैसमा, हाजी नवाज नूर आरबी सपरिवार विशेष रूप से संचालन किए।

शपथ पत्र

मैं राघवेन्द्रपाल सिंह पिता स्व. तिलकराज सिंह उम्र 60 वर्ष जाति तंवर निवासी सुराकछार तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) का स्थाई निवासी होकर निम्नलिखित शपथ पूर्वक करता हूं-

1. यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरा नाम राघवेन्द्र पाल सिंह आधार कार्ड क्र. 3556 0309 9339 है।
2. यह कि अंग्रेजी में नाम Raghvendra pal singh जन्म तिथि 05/11/1966 आधार कार्ड में अंकित है।
3. यह कि मेरे नाम पर जारी आयकर कार्ड में क्र. ATTPS8996D Raghvendra pal singh जन्म तिथि 05/11/1966 अंकित है, तथा मेरे नाम पर जारी वोटर कार्ड क्र. AQR085550834 में नाम Raghvendra pal tanwar अंकित है।
4. यह कि मेरे नाम पर जारी एस.ई.सी.एल. सुराकछार परियोजना द्वारा जारी पहचान पत्र में नाम Raghvendra pal singh जन्म तिथि 31/10/1966 है।
5. यह कि मेरे एस.ई.सी.एल. के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही नाम अंग्रेजी में Raghwendra pal singh जन्म तिथि 31/10/1966 है जो सत्य एवं सही है।
6. यह कि मेरे अपने पेन कार्ड, वोटर कार्ड, एस.ई.सी.एल. के द्वारा जारी पहचान पत्र में त्रुटि पूर्ण अंग्रेजी नाम V लिखा है जबकि सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम W शब्द लिखा है वही सही है तथा जन्म तिथि व अंग्रेजी में अपने नाम पर जारी आधार कार्ड क्र. 3556 0309 9339 में अपने एस.ई.सी.एल. के सर्विस रिकॉर्ड के अनुसार सही नाम अंग्रेजी में Raghwendra pal singh जन्म तिथि 31/10/1966 है तथा सपूर्ण दस्तावेज में यही नाम लिखवाना चाहता हूं ताकि आधार कार्ड के साथ सभी दस्तावेजों में यही नाम जन्म तिथि हो।
7. यह कि मेरे द्वारा अपने सही नाम अंग्रेजी में Raghwendra pal singh जन्म तिथि 31/11/1966 नाम हेतु दैनिक समाचार पत्र में सही नाम जन्म तिथि परिवर्तन हेतु ईश्तहार प्रकाशन हेतु मेरे द्वारा इस शपथ पत्र का निष्पादन किया गया है।

शपथकर्ता
राघवेन्द्रपाल सिंह

पृष्ठ 1 का शेष

एक साल का...

दौरान उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण एवं अन्य संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे रोजगार के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं, विशेषकर युवतियों को रोजगार के योग्य बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना और आत्मनिर्भरता के नए अवसर उपलब्ध कराना है। प्रतिष्ठित कंपनियों में इन 33 युवतियों का चयन इस प्रयास की सफलता को दर्शाता है।

चक्रवात का...

गिरने से धान के भीगने और काले पड़ने की आशंका से किसान खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। मौसम विभाग की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति या जलभराव से तुरंत निपटा जा सके।

बरसते पानी...

संघ के प्रांताध्यक्ष ने संबोधित करते हुए इसे दमनकारी नीति बताया। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन पटवारियों पर दबाव डालकर वीपी ऐप के माध्यम से जो सर्वे करा रहा है उसमें तकनीकी खामियां हैं। जिस पर सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पटवारियों की वेतन विसंगति, जबरदस्ती अतिरिक्त प्रभार देना जैसी मांगें भी संघ की है। जिस पर शासन लंबे समय से निर्णय नहीं ले पा रहा है। इन सब मुद्दों को लेकर प्रदेश पटवारी संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। धरने को संबोधित करने के पश्चात काले वस्त्र पहने पटवारी रिमझिम बारिश के बीच कलेक्ट्रेट के लिए रैली के रूप में निकल पड़े। प्रांताध्यक्ष के साथ पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, अनिरुद्ध राठौर, प्रशांत दुबे सहित सभी तहसील इकाइयों के अध्यक्ष उपस्थित थे। रास्ते भर कर रहे नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचने पर पटवारी संघ ने डिप्टी कलेक्टर अभिषेक राठौर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट के मेन गेट के सामने घंटे भर पटवारियों का प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान उनके द्वारा शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।







खबर संक्षेप



पाली-लाफा रोड पर पेड़ों की डंगाल की छंटनी नहीं, कभी भी हो सकते हैं हादसें

पाली। पाली-लाफा मार्ग पर कई अंधे मोड़ हैं, इनके आसपास सड़क किनारे पेड़ों की डंगाल की छंटनी नहीं कराने पर सड़क हादसे का डर बना हुआ है। 8 किलोमीटर सड़क के रास्ते पर 5 से अधिक मोड़ है, जहां पर सुरक्षित आवाजाही में खतरा बना हुआ है। सामने से आ रहे वाहन पेड़ों की झुकी डंगाल के कारण नजर नहीं आते हैं और वाहनों के टकराने से सड़क दुर्घटना हो चुकी है। चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी का ऐतिहासिक मंदिर जाने का भी यह रास्ता है। पाली से चैतुरगढ़ की दूरी लगभग 32 किलोमीटर है। इसी मार्ग पर लाफा तक कई अंधे मोड़ से चालकों का सफर मुश्किल हो रहा है। चैतुरगढ़ में मां महिषासुर मर्दिनी का मंदिर होने के साथ यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ है। इस कारण जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में से एक है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता के कारण छत्तीसगढ़ का कश्मीर भी कहा जाता है। पर्यटक पाली-लाफा मार्ग से चैतुरगढ़ के लिए आवाजाही करते हैं। जिला पंचायत सदस्य कौशल नेटी ने मांग की है कि पाली से लाफा होते हुए चैतुरगढ़ जाने वाले मार्ग का निरीक्षण कराया जाए। सड़क किनारे दृश्यता रोकने वाली डालियों की नियमानुसार कटाई-छंटाई कराई जाए। दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील मोड़ों को चिह्नित किया जाए। वहां जरूरी सुरक्षा उपाय किए जाएं।

नशा मुक्त समाज के लिए पटपरा में आयोजित हुआ शिविर



चैतमा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चैतमा राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर शिविर स्थान शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटपरा भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तथा छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित नशा मुक्त समाज के लिए युवा एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए युवा सात दिवसीय ग्रामीण विशेष शिविर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि ममता रामकुमार धनवार ग्राम पंचायत सरपंच पटपरा, अतिविशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह तंवर जनपद सदस्य पाली, उपसरपंच सावित्री मनबोध कंवर, मालती कंवर, कृष्णा बाई कंवर, दुकालु सिंह कंवर, उमा कंवर, श्याम बाई कंवर, विमला बाई कंवर, क्रांति बाई, शिवशरण कंवर पंच ग्राम प्रधान पाठक वीणा देवी जाटवर, नाथू लाल कंवर, सुषमा कंवर, मंजू, पत्रकार सरोज कुमार चौहान, रामकुमार यादव,नेपाल सिंह एवं वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी शिविर संयोजक,चन्द्रमुखी साहू शिविर कार्यक्रम सहायक गरिमामय उपस्थित में स्वामी विवेकानंद, भारत माता, छत्तीसगढ़ माता, महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर विधिविधान से पूजा अर्चना कर रासेयो लक्ष्य गीत गायन किया गया। ममता रामकुमार धनवार ने बताया कि नशा मुक्त समाज के लिए युवा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतः 100-सप्ताह नशा मुक्त युवा अभियान' का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को मादक पदार्थों और नशे की लत से बचाकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ना है।

स्कूल से दूर बनाया जा रहा प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, बच्चों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए संचालित होने वाले छात्रावास, आश्रम के संबंध में जो प्रावधान दिए गए हैं उसके मुताबिक आश्रम छात्रावास का निर्माण स्कूल के आसपास या परिसर में ही होना चाहिए। उससे छात्रों को आवागमन में दिक्कत न हो। किन्तु विभाग जिले में ऐसी जगह छात्रावास का निर्माण करा रहा है जहां पर स्कूल की दूरी दो से ढाई किलोमीटर दूर पड़ेगी।

मामला अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक 50 सीटर बालक छात्रावास का है। जो वर्तमान में बुधवारी में संचालित है और यहां के छात्र अंधरीकछार व पीडब्ल्यूडी स्कूल में अध्ययनरत हैं। उक्त छात्रावास के नए भवन का निर्माण आदिवासी विकास विभाग के द्वारा निर्मला सीबीएसई स्कूल के पीछे रिक्त पड़ी सरकारी जमीन में

नए भवन से दो से ढाई किमी दूर जाना होगा पढ़ने

खास बातें

- मामला अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक छात्रावास का
- बुधवारी में संचालित है छात्रावास



पुराने भवन की जगह नए भवन की तैयारी

आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 183 आश्रम छात्रावास संचालित हैं। जिनमें से जो भवन जर्जर हो चुके हैं उनकी जगह नए भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर टेंडर भी जारी कर दिया गया है। कुछ स्थानों में भवन का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है और कुछ स्थानों में डिस्मेंटल के बाद नए भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवारी स्थित छात्रावास के भवन भी पुराने हो चुके हैं। जिनके मरम्मत का काम भी हालही में किया गया है।

किए जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग को जमीन भी राजस्व विभाग के द्वारा आवंटित कर दी गई है। प्रारंभिक स्तर पर कार्य भी शुरू हो चुके हैं। लेकिन उसके पहले ही निर्माण स्थल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर जिस जगह पर छात्रावास का निर्माण हो रहा है वहां से अंधरीकछार व पीडब्ल्यूडी रामपुर और झगरहा स्कूल की दूरी भी 2 से तीन किलोमीटर के बीच है। विभाग के द्वारा जिस योजना के तहत जगह का चयन किया गया है समझ से परे है। छात्रों को आवागमन के लिए भी या तो मुख्य मार्ग से आना पड़ेगा या फिर रिस्दी पाइपलाइन के रास्ते रामपुर पीडब्ल्यूडी स्कूल पहुंचने की मजबूरी हो जाएगी। 6वीं से 12वीं तक के छात्रों वाले इस छात्रावास में मिडिल स्कूल के बच्चों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

खदान में लगातार हो रहे हैं हादसे

कुसमुण्डा खदान में अनियंत्रित होकर पलटा डंपर



पल्टा हुआ डंपर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान क्षेत्र में भारी वाहनों से जुड़े हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार को केएनआरसीएल कंपनी का करीब 100 टन का भारी डंपर पलटकर नीचे जा गिरा। हादसे में ऑपरेटर ने कूदकर अपनी जान तो बचा ली लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद खदान क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर कामकाज प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। सबसे गंभीर बात यह है कि एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा हादसा बताया जा रहा है। इससे पहले पिछले रविवार को एक डंपर बाइक के ऊपर चढ़ गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने खदान में भारी वाहनों के संचालन और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, स्थानीय युवाओं में रोजगार को लेकर भी नाराजगी सामने आ रही है। समापनः अब सवाल यह है कि आखिर खदान में सुरक्षा मानकों का पालन कैसे हो रहा है? क्या जिम्मेदार कंपनी और प्रबंधन इन हादसों से सबक लेकर ठोस कदम उठाएंगे, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जाएगा।

मानिकपुर कैंप के तीन ट्रांसफार्मरों में लगी आग, मची अफरा तफरी

कोरबा। एसईसीएल की मानिकपुर खदान क्षेत्र में संचालित एससीसी कंपनी के कैंप में तीन ट्रांसफार्मरों में अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटों और काले धुएं से कैंप में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कैंप परिसर में लगे तीन ट्रांसफार्मरों में अचानक आग भड़क उठी। कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए मौके पर मौजूद अग्निशमन उपकरणों का इस्तेमाल किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद नगर सेना और एसईसीएल की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही कंपनी और एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। ट्रांसफार्मरों से क्रेशर को बिजली की आपूर्ति होती थी। आग के बाद बिजली सप्लाई बंद होने से क्रेशर का काम ठप हो गया और कोयला आपूर्ति प्रभावित हुई। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट या ओवरलोड की जताई जा रही है। वहीं, घटना के बाद कैंप में अग्नि सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दे दी गई है।



गेवरा माइंस में 6 घंटे तक ठप रहा कोयला उत्पादन, 35 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज



इस तरह खदान को कराया गया था बंद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा माइंस में मंगलवार को प्रदर्शन के कारण लगभग 6 घंटे तक कोयला उत्पादन और अन्य खनन गतिविधियां प्रभावित रहीं। मामले में एसईसीएल प्रबंधन की शिकायत पर दीपका पुलिस ने प्रदर्शन की अगुवाई करने वालों सहित करीब 35 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

जिले की गेवरा माइंस में मंगलवार को कुछ लोगों ने भूविस्थापितों की समस्याओं और उनके लंबित मामलों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आउटसोर्सिंग कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि भूविस्थापितों के नियोजन सहित अन्य मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका कहना था कि प्रबंधन के स्तर पर कई मामले लंबे समय से लंबित हैं और बार-बार पत्राचार तथा ध्यानाकर्षण के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। प्रदर्शन के कारण खदान में कोयला उत्पादन सहित अन्य परिचालन गतिविधियां प्रभावित हुईं। बताया जा रहा है कि इसी दिन एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का गेवरा क्षेत्र में प्रवास भी निर्धारित था। ऐसे में प्रदर्शन के समय को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं सामने आईं। घटना के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दीपका थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने लगभग 35 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनें आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के साथ हिंदू सुहागिन महिलाओं ने कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का व्रत आज मनाया जाएगा। दिनभर निर्जला उपवास रखकर महिलाएं देर शाम चांद दिखने के बाद व्रत तोड़ेंगी। इस व्रत का पारायण पति के दर्शन और चंद्रमा अर्घ्य के साथ किया जाता है।

शहर नगर सहित आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों में भी महिलाओं ने इस पावन पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारी की है। सुबह स्नान-ध्यान कर सुहागिनों ने व्रत का शुभारंभ किया जाएगा। इस बार चतुर्थी तिथि 29 अक्टूबर की सुबह 01.06 बजे से रात 10.09 बजे तक है। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5.38 बजे 06.55 बजे तक माना गया है। वहीं रोहणी नक्षत्र का विशेष संयोग होने से रात 08.10 बजे 8.16 बजे के मध्य चांद निकलने की संभावना बनी हुई है। व्रत को लेकर बाजारों में विशेष चहल-पहल देखी जाएगी। महिलाओं और उनके परिजनों ने पूजन सामग्री, साज-श्रृंगार, करवा, छलनी, मेहंदी, लहंगा, साड़ी आदि की जमकर खरीदारी की। लोग अपनी आर्थिक क्षमता और जरूरतों के अनुसार खुलकर पूजन सामग्री खरीदते नजर आए। बाजार में सबसे अधिक भीड़ श्रृंगार सामग्री और पूजा थाल सजावट की दुकानों पर देखने को मिली। दुकानदारों के अनुसार, इस बार भी करवा चौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह पहले जैसा ही है और बिक्री हुई।

बीते वर्ष से इस वर्ष घट गया दो हजार हेक्टेयर धान फसल का रकबा

कोरबा। धान की फसल का रकबा बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग 2000 हेक्टेयर घट गया है। इसका मुख्य कारण किसानों को अन्य फसल के उत्पादन से सीधे जोड़ना है, ताकि फसल चक्र परिवर्तन की योजना के तहत अन्य फसलों का उत्पादन जिले में बढ़ाया जा सके।

धान के अलावा अन्य फसल के बढ़ावा के लिए लगातार किए जा रहे कार्यों के कारण बीते वर्ष 2025 में जिले में 91712 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई थी। इस वर्ष 2026 में 90 हजार हेक्टेयर में ही धान की फसल ली जा रही है। जिसमें 88751 हेक्टेयर में उत्पादन की संभावना जतायी गयी है। इससे जाहिर हो रहा है कि रकबा घट गया है। इसी तरह अन्य अनाज का उत्पादन का भी रकबा 391 हेक्टेयर कम हुआ है। बीते वर्ष 12268 हेक्टेयर में अन्य अनाज की फसल ली गई थी। इस वर्ष 12920 हेक्टेयर में फसल लेने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन इसकी पूर्ति 11877 हेक्टेयर में ही हो सकेगी। फसलों के उत्पादन को लेकर विभाग के द्वारा किसानों को अन्य फसलों के उत्पादन से भी जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यही कारण है कि बीते वर्ष की तुलना में धान के फसल का रकबा कम हुआ है।

ट्रेलर की चपेट में आया डलीवरी बॉय, घायल

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार स्थित जोड़ा पुल के पास सडक़ हादसे में एक 21 वर्षीय डिलीवरी ब्याय करण क्षत्रिय घायल हो गया। बताया जा रहा है कि करण काम खत्म कर घर जा रहा था कि एक ट्रेलर चालक ने करण क्षत्रिय के पैर में वाहन चढ़ा दी। हादसे के बाद ट्रेलर चालक ने घायल युवक को मौके पर छोडक़र फरार हो गया। जानकारी के अनुसार करण क्षत्रिय पिता प्रकाश फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्याय के रूप में काम करता है। काम से लौटते समय राताखार जोड़ा पुल के पास वह सडक़ दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में उसका पैर ट्रेलर की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक रुकने के बजाय मौके से भाग गया। राहगिरों की मदद से करण को जिला मेडिकल अस्पताल दाखिल कराया गया। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



